# ट्रेड शो में झलक रही यूपी की औद्योगिक प्रगति

## गीडा में ट्रेड शो के दूसरे दिन उद्यमियों से लेकर आमजन तक में **दिखा उत्साह** सेल्फी लेने की रही होड़

जागरण संवाददाता, गोरखपुरः गीडा के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय ट्रेड शो एवं प्रदर्शनी में रविवार को सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग विभिन्न स्टालों पर पहुंचे। यहां प्रदेश के उत्पादों, तकनीक और नवाचारों से लोग रूबरू हुए। प्रदर्शनी में मार्बल डस्ट से बनी भगवान राम की आकर्षक प्रतिमा लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही थी। इस प्रतिमा के सामने सेल्फी लेने की होड़ लगी रही। मुख्यमंत्री ने शनिवार को इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया था, जो सोमवार तक जारी रहेगा।

एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) के अंतर्गत बनाए जा रहे पारंपरिक और स्थानीय उत्पादों ने आगंतुकों का ध्यान खींचा। हस्तशिल्प, खाद्य उत्पादों, वस्त्रों और स्थानीय उद्योगों की विविधता ने लोगों को प्रभावित किया। कई स्टालों पर खरीदारी के लिए उत्साह देखा गया। केआइपीएम के विद्यार्थियों द्वारा तैयार किया गया रोबोटिक डाग भी प्रदर्शनी का एक बड़ा आकर्षण बना रहा। बच्चे और युवा इसकी तकनीक को समझने के लिए उत्सुक थे। बकरी के दूध से बने हर्बल साबुन भी चर्चा का विषय बने, जिनकी खुशबू और प्राकृतिक गुणों ने आगंतुकों को आकर्षित किया। प्रदर्शनी ने उद्यमियों को मंच दिया और आमजन को नए प्रयोगों और उत्पादों को करीब से देखने का अवसर प्रदान किया।



गीडा स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित ट्रेड शो में सजे स्टाल पर खरीदारी करते ग्राहक ● जागरण

- आज होगा समापन, मुख्यमंत्री ने शनिवार को किया था उद्घाटन
- रोबोटिक डाग भी प्रदर्शनी का बना आकर्षण का केंद्र

### मार्वल डस्ट की रामलला की प्रतिमा वनी आकर्पण का केंद्र

गोरखपुर के उद्यमी कमलेश तिवारी ने मार्बल डस्ट की 4 .5 फीट ऊंची राम लला की प्रतिमा बनाई है, जो ट्रेड फेयर में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। कई उद्यमियों ने इस प्रतिमा को खरीदने की इच्छा जताई है। कमलेश ने बताया कि उनके द्वारा बनाई गई प्रतिमाओं के लिए देश के कई राज्यों से आर्डर मिले हैं।

नवाचार से वने उत्पाद कर रहे सवका ध्यान आकर्षितः गीडा में बने उत्पादों के साथ यूपी के विभिन्न जिलों के ओडीओपी प्रोडक्ट और नवाचार से बने उत्पाद सबका ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। यहां पेप्सिको के कोल्ड ड्रिंक स्थानीय स्तर पर बन रहे हैं, जबकि कोका कोला के भी जल्द ही उत्पादन शुरू होने की संभावना है। गीडा की पुरानी यूनिट में से एक आइजीएल के स्टाल पर रखा पशु आहार लोगों के लिए कौतुक का विषय बना। यह हाई प्रोटीन वाला पशु आहार एथेनाल बनाने में प्रयुक्त मक्के के अवशेष से बनाया गया है।

ब्लैक पाटरी और कालानमक चावल के उत्पाद वन रहे हैं पसंदः आजमगढ़ की ओडीओपी में शामिल ब्लैक पाटरी को देखने के लिए भी भीड़ जुट रही है। सिद्धार्थनगर की ओडीओपी के मेसर्स बुद्धा डिलाइट के स्टाल पर भगवान बुद्ध के महाप्रसाद के रूप में प्रसिद्ध कालानमक चावल से बने बेकरी उत्पादों ने कारोबार का नया अध्याय प्रस्तुत किया है। गाजीपुर की प्रेरणा राय एंटीक हैंडक्राफ्ट और गिफ्ट आइटम का उत्पादन करती हैं। लोगों ने उनकी एंटीक वस्तुओं की सराहना की। लखनऊ के हर्बल टी स्टाल पर कई प्रकार की फूलों से बनी चाय का स्वाद भी दर्शकों ने लिया।